Title: Demanded special package for Barai Phosphate Chemcial Ltd. (BPCL), Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : उपाध्यक्ष महोदय, रोहतास जिले के अमझोर में भारत सरकार का एक प्रबंधन है जो बी.पी.सी.एल. बराई फॉस्फेट कैमिकल लिमिटेड के नाम से जाना जाता है और 1960 में इसकी स्थापनी की गई थी। यह अच्छा काम कर रहा था। इसका अच्छा प्रबंधन था। भारत सरकार ने 1927 में बाराई फॉस्फेट कैमिकल लिमिटेड आधारित अम्ल का भी कारखाना लगाया था। वह भी अच्छा काम कर रहा था। इसी प्रबंधन में सोन गंगा खाद जहां गंधक के अम्ल भंडार हैं, वहां से सोन गंगा खाद भी उत्पादित की गई लेकिन सब्सिडी 1997 में बंद कर दी गई। उस तरह से प्रबंधन सब्सिडी के बंद करने से करीब एक साल पहले बंद हो गया और उस प्रबंधन के लगभग 2000 कर्मचारी हैं। उनके सामने भुखमरी की समस्या है। भारत सरकार के उर्वरक रसायन मंत्री से मैं मांग करता हूं कि जिस तरह से हल्दिया और खानें 15 वर्षों से बंद हैं, उनको विशेष पैकेज दिया जा रहा है और शेष बिहार में यह एकमात्र कारखाना भारत सरकार का बच जाता है। इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि इस पर विशेष पैकेज देने की कृपा की जाये।